QkjLV dkWyt ,.M fjlp bLVhV~;wV] rfeyukMw ,xhdYpjy ;wfuoflVh]esVikyk;e **(Forest College & Research Institute- Tamil Nadu Agricultural University, Mettupalayam)** ds fo|kfFkZ;ksa dk vkQjh nkSjk

¼fnukad 29@11@2016½

फोरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, तमिलनाडू एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी ,मेटापलयम, तमिलनाडू के बी.एस सी (फोरेस्ट्री) अन्तिम वर्ष के 43 विद्याार्थियों के दल ने दिनांक 29/11/2016 को असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एस.मनीवसकन, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एम. उमादेवी तथा एग्रीकल्चर सुपरवाइजर श्री एम. के. वेंकटेशन के नेतृत्व में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधुपर का भ्रमण किया । वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डी. के मिश्रा ने दल का संस्थान में स्वागत करते हुए संस्थान की वानिकी अनुसंधान गतिविधियों, उपलब्धियों एवं विकसित तकनीकों के संबंध में प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया । विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी प्रश्न–उत्तर के माध्यम से समाधान किया गया । विद्यार्थियों ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध गतिविधियों का अवलोकन किया । प्रयोगशाला भ्रमण के दौरान वन आनुवांशिकी एवं वृक्ष प्रजनन प्रभाग में तकनीकी सहायक डॉ. दीपिका लोढ़ा ने उत्तक संवर्धन की प्रक्रिया एवं इसके व्यापक प्रयोग से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की । वन सुरक्षा प्रभाग में वैज्ञानिक श्रीमती शिवानी भटनागर ने बायो–कन्ट्रोल प्रयोगशाला में खेजड़ी मर्त्यता के कारकों, मुख्य रुप से *गेनोडर्मा* कवक एवं *अकेंथोफोरस सिरेटीकोर्निस* कीट के जीवन चक्र एवं प्रबंधन से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी ।

तत्पश्चात् विद्यार्थियों के इस समूह ने संस्थान के निर्वचन एवं विस्तार केन्द्र का भ्रमण किया जहां श्री रतनाराम लोहरा, अनु.सहायक– प्रथम एवं श्रीमती मीता सिंह तोमर, तकनीकी सहायक ने वहॉ प्रदर्शित शोध गतिविधियों, विकसित तकनीकों से संबंधित सूचनाओं से दल को अवगत कराया। विद्यार्थियों के दल ने उच्च तकनीक पौधशाला का भी भ्रमण किया जहां नर्सरी इन्चार्ज श्री सादुलराम

देवड़ा ने औषधीय पादपों के जर्मप्लाज्म बैंक एवं आधुनिक नर्सरी प्रबंधन संबधी उपयोगी ज्ञान विद्याथियों के दल को दिया।

भ्रमण का समन्चयन श्री रतनाराम लोहरा, अनु.सहायक– प्रथम एवं श्रीमती मीता सिंह तोमर, तकनीकी सहायक ने किया एवं भ्रमण के दौरान श्री तेजाराम का सहयोग रहा।

SAND DUNE STABILIZATION THROUGH SURFACE VEGETATION